संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची

सत्र (2021-22)

कक्षा- छह | पुस्तक – मंथन

विषय- हिंदी

पाठ 4 - विभु काका

मॉडल उत्तर

मौखिक

उत्तर 1 . विभु काका ने विजय को पहचान कर उससे पूछा कि वह कब आया और उसका सामान कहाँ है?

उत्तर 2. विजय अपनी यात्रा में कम सामान से गुज़रा कर लेता है यह जानकर काका बहुत प्रसन्न हुए और उसे शाबाशी दी।

उत्तर 3. विभु 'का' ने अमेरिका में कृषि विज्ञान की पढ़ाई की थी। उसके बाद भारत लौटकर दिल्ली के पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान में वर्षों तक काम किया।

उत्तर 4. काका घर-घर जाकर समझाते थे कि खेती कैसे करें जिससे अन्न की पैदावार बढ़े। वे सबको बताते थे कि स्वच्छ रहने के क्या-क्या लाभ हैं, आए-दिन की बीमारियों से छुटकारा कैसे मिल सकता है और बच्चों को पाठशाला क्यों भेजना चाहिए।

उत्तर 5. काका ने अपने ही देश के किसानों की सेवा करने की ठान रखी थी।

उत्तर 6. गाँवों में घूमते समय गाँव के विकास तथा ग्रामीणों की अच्छी दशा का दृश्य देखकर विजय की आँखें खुली की खुली रह गई।

लघूत्तरीय प्रश्न

उत्तर 1. विभु काका ने लेखक को 'विज्जू' कह कर संबोधित किया।

उत्तर 2. विभु काका ने अमेरिका में कृषि विज्ञान की पढ़ाई की थी।

उत्तर 3. विभु काका लेखक को जीप – गाड़ी में बैठा कर आस-पास के गाँवों में घुमाने ले गए।

उत्तर 4. लेखक ने काका के घर, उनके खेतों तथा फलों के बगीचों को 'काका का नंदनवन' कहा है।

उत्तर 5. लेखक के अनुसार, जो व्यक्ति दूसरों के लिए जीता है वह आदमी के रूप में देवता ही होता है।

दीर्धउत्तरीय प्रश्न

उत्तर 1. पहले विभु 'का' शानदार आधुनिक वस्त्र पहनते थे। जब विजय ने उन्हें देखा तो उन्होंने साधारण से कुर्ता-पजामा तथा जूते पहने थे। पहले की तुलना में वे एकदम भिन्न लग रहे थे। इसलिए

विजय को विभु 'का' कोई और लगे।

उत्तर 2. विजय ने विभु 'का' के अनोखे संसार में एक आदर्श गाँव देखा। गाँवों में सभी घर पक्के थे। सब घरों के आगे गायें बँधी थीं। हर गाँव के बीच एक पाठशाला थी। सब बच्चे साफ-सुथरे कपड़े पहने थे। लोग स्वस्थ तथा हृष्ट-पुष्ट थे।

उत्तर 3. विभु काका ने धान और गहूँ की ऐसी नई किस्में तैयार की थीं जो कम वर्षा वाले क्षेत्र में आसानी से उगाई जा सकती थी। मक्का पर भी उनकी खोज कम महत्वपूर्ण नहीं थी। एक-एक भुट्टे की जगह उन्होनें छह-छह, सात-सात भुट्टे उगाए थे।

उत्तर 4. विजय ने पूरे भारत का भ्रमण किया था। उसने ऐसा आदर्श गाँव कहीं नहीं देखा था। इसलिए उसे विभु काका के गाँव का दृश्य अनोखा लगा।

उत्तर 5. देश-विदेश में रहकर काका ने खेती के संबंध में जो भी ज्ञान प्राप्त किया उसका प्रचार उन्होनें घर-घर, गाँव-गाँव जाकर किया। उनके प्रयास से पूरा का पूरा क्षेत्र ही आदर्श हो गया था। जो व्यक्ति दूसरों के लिए जीता है वह आदमी के रूप में देवता ही होता है। इसलिए लौटते समय विजय को विभु 'का' देवता समान लग रहे थे।

<u>पठित पद्यांश प्रश्न</u>

उत्तर 1. (क) (II) झोले

(ख) (III) ट्रैक्टर

(ग) (I) सरकार

(घ) (III) किसान

(ड.) (I) फैलाव

उत्तर 2. किसने किससे कहा ?

(क) विभु काका ने विजय से कहा।

(ख) एक कर्मचारी ने विजय से कहा।

(ग) विजय ने विभु काका से कहा।

(घ) विभु काका ने विजय से कहा।

========xxxx=========